प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 17.11.2024

सराहनीय कार्य थाना साइबर क्राइम जनपद एटा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री श्याम नारायण सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा श्री योगेन्द्र सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर श्री संजय सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में साइबर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के परिदृश्य चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना साइबर क्राइम एटा द्वारा आनलाइन ठगी का शिकार हुए शिकायतकर्ता श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री हरी नारायन निवासी नगला मानधाती थाना मिरहची जनपद एटा ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि प्रार्थी के पास दिनांक 16.10.2024 को बिना किसी जानकारी के कैनरा बैंक खाता से 90000/- रुपये का फ्राड होने के आरोप अंकित किये गये।

क्षेत्राधिकारी सदर एटा द्वारा थाना साइबर क्राइम की टीम को प्रकरण की जांच कर शिकायतकर्ता की समुचित मदद करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना साइबर क्राइम एटा द्वारा मामले की गंभीरता से जांचकर व लाभप्रद कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित बैंको से पत्राचार कर 90000 रुपये के ट्रान्जेक्शन को के लाभार्थी खातों में पीडित की धनराशि को सुरक्षित संरक्षित किया गया तथा बैंक को ई-मेल व जरिये मोबाइल सम्पर्क करते हुये, बैंक द्वारा समस्त औपचारिकता पूर्ण करते हुऐ शिकायतकर्ता की 90000 रुपये की पूर्ण धनराशि को पीडित के खाता में वापस कराया गया है। अपने पैसे वापस पाकर शिकायतकर्ती द्वारा एटा पुलिस को धन्यवाद देते हुए भूरि भूरि प्रशंसा की गई है।

थाना साइबर क्राइम टीम जनपद एटा

1. प्रभारी निरीक्षक श्री आदेश कुमार
2. निरीक्षक श्री राघवेन्द्र सिंह
3. उ0नि0 श्री दीक्षित कुमार
4. आरक्षी राजाराम चौधरी
5. आरक्षी अजयपाल सिंह